माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों के नियम 377 के अधीन मामले हैं, वे कृपया व्यक्तिगत रूप से सदन के पटल पर रखें।

Need to make necessary allocation for construction of proposed Phaltan-Pandharpur railway line in the Union Budget 2023-24

श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर (माधा): फलटण - पंढरपुर नई रेल लइन के निर्माण के सम्बन्ध में मेरे 12 जुलाई 2022 के पत्र एवं रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 20 जनवरी, 2023 माध्यम से आपने सूचित किया है कि परियोजना की अलाभकारी प्रकृति के मद्देनजर महाराष्ट्र राज्य सरकार से इस परियोजना की 50 प्रतिशत लागत का अंशदान करने तथा परियोजना के लिए मुफ्त भूमि उपलब्ध करवाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि महाराष्ट्र सरकार ने 31 जनवरी, 2023 को हुई केबिनेट की बैठक में 100 साल से अधिक समय से प्रस्तावित फलटण- पंढरपुर रेलवे लाइन के लिए केन्द्र सरकार के कदम से कदम मिलाते हुए राज्य सरकार ने परियोजना की कुल लागत 1842 करोड़ रूपए में अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत यानि 921 करोड़ रूपए देने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि पंढरपुर महाराष्ट्र का एक विश्व विख्यात तीर्थस्थान है। पूरे देश तथा मुख्यतः महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, तेलंगाना तथा आन्ध्र प्रदेश राज्यों से लाखों श्रद्धालु यहां पूरे साल आते रहते हैं। इस रेलवे लाईन से फलटण मालशिरस और पंढरपुर क्षेत्रों के लोगों को काफी लाभ मिलेगा तथा वास्कारी समाज को भी बहुत लाभ मिलेगा।

अत: सरकार से अनुरोध है कि वह अब फलटण से पंढरपुर रेलवे लाइन के निर्माण हेतु में आवश्यक वित्तीय प्रावधान वित्त वर्ष 2023-24 में करवाने, निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र मिशन मोड में शुरू करवाने तथा उसके समयबद्ध ढंग से पूरा किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें।